# पुलिस कांस्टेबल के घर में घुसकर पार्षद सहित अन्य ने किया जानलेवा हमला

## भाजपा पार्षद पर सरकारी जमीन पर कब्जा करने का आरोप

- स्कूल की भूमि पर अतिक्रमण को लेकर हुआ था विवाद
- पार्षद मनीष सहित दस लोगों पर लगाया आरोप

**मदनगंज-किशनगढ़/अजमेर,** (निसं)। न्यू हाऊसिंग बोर्ड के पास एयरपोर्ट विस्थापित कॉलोनी में मंगलवार को कुल्हाड़ी व लाठियों से लेस भाजपा पार्षद नें अपने साथियों के साथ पुलिसकर्मी सहित परिवार पर हमला कर दिया। हमले में घायल पुलिसकर्मी व इसके भाई को चिंताजनक स्थिति के बीच अजमेर रैफर कर दिया। साथ ही परिवारजनों को राजकीय यज्ञनारायण अस्पताल में भर्ती कराया है।

**सीसीटीवी फुटेज में कैद घटना:-** घटना मदनगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह करीब 8:30 बजे हुई। घटना का सीसीटीवी वीडियो के सामने आया है जिसमें वार्ड 32 का पार्षद मनीष खंगारोत कांस्टेबल रूप सिंह के भाई बजरंग के पीछे दौड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। बजरंग बचने के लिए दौड़ता हुआ अपने भाई रूप सिंह के घर में घुस गया। थोड़ी देर तक मनीष बाहर खड़ा रहा उसके बाद कुल्हाड़ी लेकर घर में घुस गया। एक महिला गोद में बच्चा लिए हुए बाहर की तरफ दौड़ती है। इतने में पार्षद के साथी भी हाथों में लाठियां लेकर पहुंच गए। कांस्टेबल रूप सिंह जैसे ही घर से बाहर निकाला आरोपियों ने ताबड़तोड़ हमला कर दिया।


पुलिस ने पार्षद मनीष सिंह, भाई बलवीर सिंह, पिता प्रहलाद सिंह, शंकर सिंह को दबोचा।

पुलिस की गिरफ्त में आये आरोपियों में पार्षद मनीष सिंह, भाई बलवीर सिंह, पिता प्रहलाद सिंह, शंकर सिंह है। पार्षद सरकारी जमीन पर कब्जा करना चाह रहा था, पुलिसकर्मी ने इसका विरोध करते हुए कहा कि स्कूल के लिये छोड़ी गई जमीन पर कब्जा नहीं करने दूंगा। जानकारी के अनुसार मंगलवार को सुबह सरकारी जमीन पर जेसीबी चलती हुई देख पुलिसकर्मी रूपसिंह राठौड़ ने कहासुनी के बीच चालक को धमकाकर जेसीबी को बैरंग लौटा दिया। कुछ देर बाद कुल्हाड़ी, फरसा व लाठियों से लेस राजारेड्डी निवासी भाजपा पार्षद मनीष सिंह खंगारोत, भाई बलवीर सिंह, पिता प्रहलाद सिंह, शंकर सिंह, हनुमान सिंह, अब्बू सिंह सुनील बंजारा सहित 10-15 युवकों ने एकराय होकर स्कूल बोर्ड को तोड़ते हुए पुलिस कर्मी रूपसिंह के घर में घुसकर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इससे रूपसिंह राठौड़, पत्नी तेज कंवर, भाई महेन्द्र सिंह, बजरंग सिंह, सरोज कंवर, आनंद कंवर, गंभीर रूप से घायल हो गये। इनमें से गेगल थाना में तैनात रूप सिंह व बजरंग सिंह को तत्काल जेएलएन अस्पताल अजमेर रैफर कर दिया।

थाना प्रभारी घनश्याम सिंह ने बताया कि घटना के बाद पार्षद मनीष सिंह, भाई बलवीर सिंह, पिता प्रहलाद सिंह, शंकर सिंह को त्वरित कार्यवाही कर धरदबोचा। विधायक डॉ. विकास चौधरी, पूर्व विधायक सुरेश टाक ने घटना की निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की मांग की है। भाजपा पार्षदों नें आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर शहरी क्षेत्र में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। मदनगंज थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है।

## श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया, प्रसाद का वितरण

**अजमेर,** (कासं)। खाई कुई स्थित स्वामी ग्वालानंद आश्रम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में के चौथे दिन मंगलवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव सहित कंस वृत्तांत का वर्णन कथावाचक पंडित दिनेश गुरु ने किया। इस अवसर पर श्रीराम सेवा समिति के महासचिव रमेश लालवानी ने कहा कि सन्तो महात्माओ द्वारा स्थापित धर्मस्थलों का अधिक से अधिक सत्संग प्रवचन करवाकर धर्मलाभ कमाए और अपना मानव जीवन सफल बनाने का प्रयास करे।

कथा व्यास पंडित दिनेश गुरु ने संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के आठ दिवसीय कार्यक्रम के चौथे दिन मंगलवार को देवकी और कंस के वृतान्त और देवकी को मारने से लेकर भगवान श्रीकृष्ण के रात्रि बारह बजे के जन्म की कथा का श्रवण करवाया। हम सबको जिस समय भी और जितना भी समय मिले हमको परमात्मा का सुमिरन करते रहना चाहिए। जन सेवा समिति के पदाधिकारियो काजल जेठवानी, रमेश लालवानी और अशोक झामनानी ने श्रीराम सेवा समिति के कथा वाचक दिनेश गुरू का मोतियो की माला पहनाकर, पूज्य श्री झूलेलाल साहिब का दुपटटा साहित्य प्रदान कर सम्मानित किया। पंडित दिनेश गुरू एवं कृष्ण कुमार शर्मा ने इन पदाधिकारियों साफा पहनाकर, माल्यार्पण करके और प्रसाद प्रदान आशीर्वाद दिया।

## श्रमिक नेता से पांच लाख रुपये मांगे

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले में आतंक का पर्याय बन रही एचबीएस गैंग के एक सदस्य ने श्रमिक नेता पन्नालाल चौधरी को फोन से धमकी देकर पांच लाख रुपये की मांग की। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

प्रतापनगर थाना प्रभारी सुगन सिंह ने बताया कि पटेलनगर निवासी श्रमिक नेता पन्नालाल पुत्र खेताराम चौधरी ने सोमवार को रिपोर्ट दी कि वे शाम को अपने घर पर थे, तभी 6.42 बजे उनके मोबाइल पर किसी अनजान व्यक्ति का फोन आया। वह दो अलग-अलग नंबरों से बार-बार फोन करते हुये खुद को बंजरगी एचबीएस गैंग का बता रहा था। उसने एक नंबर से छह व दूसरे नंबर से 13 बार कॉल किये।

चौधरी ने इनमें से केवल दो ही कॉल रिसीव किये। कॉल रिसीव करने पर उक्त सख्श ने कहा कि एक घण्टे में 5 लाख रुपये दे दो, नही दिये तो में ठेकेदारी करना भुला दुंगा। एक घण्टे में रुपये नहीं आये तो हाथ-पैर तोड़ दुंगा। वह बार-बार कॉल कर रहा है। पुलिस ने चौधरी की रिपोर्ट पर अपराध धारा 384-506 आईपीसी के तहत केस दर्ज कर जांच शुरु की। जांच के बाद पन्नालाल को धमकाने के आरोप में पुर निवासी हेमराज पुत्र पप्पू माली को गिरफ्तार कर लिया।

जांच अधिकारी एएसआई राधाकिशन गुर्जर ने बताया कि आरोपित ने कबूल किया कि है एचबीएस गैंग वालों से उसके संपर्क हैं। पुलिस उससे गहनता से पूछताछ कर रही है।


### आम सूचना

मेरी मां श्रीमती छगनी देवी पत्नी स्व. श्री सुरता जाति बलाई निवासी गांव मुण्डोती नरुकान तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर का स्वर्गवास मेरे पीहर स्थित निवास स्थान ग्राम मुण्डोती नरुकान तहसील किशनगढ़ पर दिनांक 15 दिसम्बर 1995 को हो गया है, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिये तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है। इस संबंध में किसी भी व्यक्ति आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 07 दिवस के भीतर तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में संपर्क करे।

प्रार्थी-नाथी देवी पत्नी मोहनलाल एवम पुत्री सुरता

### आम सूचना

मेरे पिता सुगना पुत्र माधु जाति बलाई निवासी ग्राम कटसुरा तहसील अराई जिला अजमेर का स्वर्गवास मेरे निवास स्थान ग्राम कटसूरा पर दिनांक 31 जनवरी 1999 को हो गया है, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिये तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 07 दिवस के भीतर तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में संपर्क करे। प्रार्थी-नाथू पुत्र सुगना

LSG/BEAWAR/MUT/2024-25/84713 DATE : 04-05-2024 टी. बेचान-नामा

### कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नगरीय विकास कर / 2024-25/1152 दिनांक- 07-05-2024

### सार्वजनिक सूचना

श्री पुष्कर सोनी पुत्र श्री फतेह सिंह सोनी निवासी ब्यावर, ने क्षेत्र नं. 4, सितला माता गली मकान नं. 26 क्षेत्रफल 45.37 वर्गगज जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्री छोटू लाल पुत्र श्री अजित सिंह के नाम दर्ज है। रजि.बेचान-नामा दिनांक 23.10.2023 एवं स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपति विचारणीय नहीं होगी।

आयुक्त, नगर परिषद, ब्यावर

LSG/BEAWAR/MUT/2024-25/84980 DATE:- 05-05-2024 टी. बेचान-नामा

### कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नगरीय विकास कर / 2024-25/1158 दिनांक- 07-05-2024

### सार्वजनिक सूचना

श्री अजय गोयल पुत्र श्री स्व श्री अमृतलाल निवासी ब्यावर, ने क्षेत्र नं. 3. अग्रसेन बाजार नं. 2 मकान ननं. 1-ए म्यु. नं. 1/196 नया म्यु.नं. 2/1 ग्राउण्ड फलोर क्षेत्रफल 26.38 वर्गगज जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्री मुरारीलाल बंसल पुत्र श्री प्रभुलाल अग्रवाल के नाम दर्ज है। रजि. बेचान-नामा दिनांक 07.07.2011 एवं स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध मे किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपति विचारणीय नहीं होगी।

आयुक्त, नगर परिषद, ब्यावर


## आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**अजमेर,** (कासं)। भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ जिला अजमेर द्वारा आगंगबाडी में काफी समय से चली आ रही समस्याओं बाबत् माननीया जिला कलेक्टर महोदय अजमेर के द्वारा माननीय मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार जयपुर के नाम का ज्ञापन सौप कर शीघ्र समस्याओं के समाधान हेतु निवेदन किया।

विनीत कुमार जैन ने बताया कि ज्ञापन में बताया कि विगत चार माह से केन्द्र सरकार द्वारा दिये जाने वाला मानदेय आज दिवस तक भी नहीं मिला है जिसे अति शीघ्र दिलाये जाने की मांग की गई, पूर्व में आंगनबाड़ी में देय राज्य एवं केन्द्र सरकार का मानदेय एक साथ दिया जाता था परन्तु चुनाव पूर्व अलग-अलग दिया जा रहा है जबकि सम्पूर्ण भारतवर्ष में राजस्थान प्रदेष को छोड़कर उक्त मानदेय एक साथ दिया जा रहा है जिसमें पूर्व की भांति एक साथ दिलाये जाने की मांग रखी। ज्ञापन में आगे बताया गया कि राजस्थान सरकार द्वारा चुनाव पूर्व घोषणा की थी कि आंगनबाड़ी कर्मियों का मानदेय बढ़ाया जायेगा परन्तु मात्र 10 प्रतिशत ही बढ़ोतरी की गयी जिसमें बढ़ाकर 18000/- रूपये प्रतिमाह मानदेय किया जावे, सेवानिवृति पर ग्रेचुएटी के रूप में 300000/- एवं पेंषन 5000/- रू. प्रतिमाह दिलवाई जाये।

ज्ञापन देने वालो में मुख्य रूप से कल्पना मिश्रा प्रदेष कोषाध्यक्ष, ममता सेन जिला महामंत्री आंगनबाड़ी, पूर्णिमा वर्मा संगठन मंत्री जिला, ॠतु शर्मा सहमंत्री आंगनबाड़ी, जया, नीलम, भोलानाथ आचार्य प्रभारी असंगठित क्षेत्र राजस्थान, संभाग संगठन मंत्री अजमेर संभाग एवं जिलाध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ जिला अजमेर विनीत कुमार जैन, धमेन्द्र हिडोनिया जिला मंत्री अजमेर उपस्थित रहे।

## पार्षद के घर से बाइक चोरी

**मकराना,** (निसं)। नगर परिषद मकराना के एक पार्षद के घर से दिनदहाड़े बाइक चोरी हो गई, जिसके बाद पार्षद ने सोमवार दोपहर को मकराना पुलिस को इसकी सूचना दी। नगर परिषद के वार्ड नंबर 19 के पार्षद बबलू राठौड़ का वार्ड के चमनपुरा इलाके में राठौड़ हाउस के नाम से मकान बना हुआ है। मकान में करीब आठ परिवार रहते हैं। पार्षद ने बताया कि दोपहर करीब एक बजे उसका भाई वसीम अकरम पुत्र अब्दुल सलाम राठौड़ अपनी बाइक लेकर घर आया और घर के चौक में बाइक खड़ी कर अंदर चला गया। वापस बाहर आया तो बाइक मौजूद नहीं थी। जिस पर उसने सोचा कि घर का कोई दूसरा सदस्य बाइक लेकर कहीं गया होगा। रात होने पर सभी घर आ गए लेकिन उसकी बाइक नजर नहीं आई तो उसने सबसे पूछताछ की। सभी ने बाइक के प्रति अनभिज्ञता जताई।

# नियम विरुद्ध संचालित पेट्रोल पंप संचालित का मामला

- जिला कलेक्टर ने उपखंड अधिकारी को जांच अधिकारी किया नियुक्त

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर शहर के पटेल मैदान के सामने नियमों के विपरीत पेट्रोल पंप संचालित करने के मामले में जिला कलेक्टर डॉ.भारती दीक्षित ने उपखंड अधिकारी अजमेर को जांच करवाई के लिए निर्देशित करते हुए नियुक्त किया है। भारतीय पब्लिक लेबर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूलाल साहू ने कलेक्टर को पत्र प्रेषित कर पटेल मैदान के सामने स्थित बजरंग पेट्रोल पंप को इंडियन पेट्रोलियम द्वारा नियमों के विरुद्ध संचालित करने की शिकायत की थी। भारतीय लेबर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष साहू जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित को पत्र लिखकर अवगत कराते हुए बताया कि बजरंग पेट्रोल पंप पर गैर सुरक्षा व पेट्रोल पंप के मानक विस्फोटक नियमों की विपरीत इंडियन ऑयल के अधिकारियों की मिलीभगत से तथा अग्निशमन विभाग, नगर निगम अजमेर की शहपरस्ती में नियमों के विपरीत निर्माणधीन होकर संचालित किया जा रहा है, जिसका विस्तृत विवरण सहित उन्होंने जिला कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया, जिसे प्रशासनिक स्तर पर जनहित में तत्काल करवाई करवाने की मांग की थी।

साथ ही उन्होंने पत्र के माध्यम से प्रशासन का अवगत कराते हुए बताया कि उक्त पेट्रोल के मालिक के द्वारा स्वयं के स्तर पर अपने आर्थिक प्रभाव से अवैध गैर जिम्मेदार निर्माणकार्य करते हुए पेट्रोल पंप का नियमाविरुद्ध निर्माण किया जा रहा है और बजरंग पेट्रोल पंप के पास बहुमंजिला बिल्डिंग जिसमें कपड़ों के शोरूम सहित उसके ऊपरी कई मंजिलों पर बहुराष्ट्रीय कंपनियों के कार्यालय संचालित है, उनकी खिड़कियां पेट्रोल के ऊपर ही खुलती है, उक्त बहुमंजिला भवन के सेटबैक में ही प्लेटफार्म की भूमि भी सम्मिलित कर ली गई है, जिसमें नगर निगम के कार्मिकों को शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई है तथा उपरोक्त पेट्रोल पंप के समीप भवन निर्माण के संदर्भ में नगर निगम के अभियंता की रिपोर्ट भी उक्त निर्माण के विपरीत है।

शिकायत पर जिला कलेक्टर डॉ. दीक्षित ने उपखंड अधिकारी अजमेर को पत्र द्वारा निर्देशित करके जांच कार्यवाही हेतु नियुक्त किया है।

## खंडित मूर्तियों का किया विसर्जन

**अजमेर,** (कासं)। भगवान परशुराम जन्मोत्सव के 8 दिवसीय आयोजन के तहत मंगलवार को राज राजेश्वर मंदिर में विशेष अनुष्ठान कर शहर भर से एकत्रित की गई खंडित मूर्तियों का विसर्जन किया गया। इसके लिए दो रथ पूरे अजमेर शहर में भ्रमण कराया गया, और खंडित मूर्तियों को एकत्रित किया गया था। खंडित मूर्तियों के विसर्जन हेतु विशेष हवन पंडित बाबू लाल, आचार्य विवेक, पंडित दिलीप, पंडित लोकेंद्र मिश्र, पंडित आनंद पुरोहित ने किया, जिसमें ब्राह्मण समाज के पंडित सुदामा शर्मा, कमल किशोर गौड़, लोकेश भिंडा, एचपी शुक्ला, सुशील पारीक, देवेंद्र, बृजेश पांडे, जेके शर्मा, नरेश मुद्गल, संजय तिवारी, देवकीनंदन, शांतिप्रकाश ओझा, गिरधर गौड़, मीना शर्मा, भावना पारीक, सुनीता गौड़, रमा शर्मा, संध्या शर्मा, पूजा शर्मा व अन्य विप्र बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# अस्पताल को चार वाटर कूलर भेंट

**अजमेर,** (कासं)। अम्बे माता मंदिर कमेटी की ओर से मंगलवार को दिए गए चार स्टील के वाटर कूलर का विधि विधान से जेएलएन अस्पताल के प्राचार्य डॉ. वीबी सिंह के कक्ष में लोकार्पण किया गया। वाटर कूलर का उपयोग अस्पताल आने वालों मरीजों और परिजन की ठंडा पानी उपलब्ध होगा।

मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को वाटर कूलरों का लोकार्पण महानिरीक्षक राजस्थान पुलिस (अवकाश प्राप्त) पंडित कल्याणमल ने किया। इस अवसर पर डॉ. भूतडा साहब, डॉ.संजीव माहेश्वरी, डॉ. नीरज गुप्ता, डॉ.मनीराम कुमावत, डॉ. अनिल सामरिया, डॉ.अजय यादव, डॉ.राकेश पोरवाल एवं कार्यवाहक अधीक्षक डॉ. जीसी मीणा उपस्थित रहे। इस मौके पर मंदिर कमेटी के सचिव संदीप गौड, उपाध्यक्ष करण सिंह, ट्रस्टी अशोक शर्मा, मोनू शर्मा, वीरम, पुजारी अशोक असावा, पुजारी सोहन, अनिल कश्यप, राजेश्वरी, अमित चौहान, नीतू पारिख व मैनेजर गौरव दाधीच आदि उपस्थित रहे।


चिकित्सकों का अभिनंदन करते मंदिर कमेटी के पदाधिकारी।

## चलते टेंपो में लगी आग

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के आसींद थाना क्षेत्र में जोगणिया होटल के पास सड़क पर चलते टेंपो में अज्ञात कारणों के चलते अचानक आग लग गई। चालक ने चलते ऑटो को सड़क किनारे लगा खुद की जान बचाई। आसींद उपखंड क्षेत्र के पालड़ी पंचायत मुख्यालय के पास जोगड़िया होटल के सामने चलते टेंपो में अज्ञात कारणों से आग लग गई। वहीं चालक ने टेंपो से कूदकर जान बचाई। वही टेंपो चालक ने जानकारी देते हुए बताया कि वह मंगलवार सुबह भीलवाड़ा से आसींद को फर्नीचर का सामान लेकर आ रहा था कि पालड़ी के आगे होटल के सामने अचानक चलते टेंपो में अज्ञात कारणों से आग लग गई। चालक ने खुद कर अपनी जान बचाई।

# आंगनबाड़ी कर्मचारियों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

**अजमेर,** (कासं)। पांच सूत्रीय मांगों सहित मानदेय बढ़ोत्तरी, चार माह से मानदेय नहीं मिलने से नाराज आंगनबाड़ी कर्मचारियों ने मंगलवार भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ अजमेर के बैनर ताले जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपकर मांगों के निराकरण की मांग की। भारतीय आंगनबाडी कर्मचारी संघ अमजेर के बैनर तले अपनी पांच सूत्रीय मांगों को मंगलवार को आंगनबाड़ी कर्मचारियों ने जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम जिला कलेक्ट्रेट डॉ. भारती दीक्षित को ज्ञापन सौंपा है। कर्मचारी संघ के नेताओं ने कहा कि विगत चार माह से केन्द्र सरकार द्वारा दिए जाने वाला मानदेय आज दिनांक तक कर्मचारियों को नहीं मिला है, जो शीघ्र दिलाने की मांग की है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ममता देवी, माला सेन ने बताया कि पूर्व में अंगनबाडी में कार्यकर कर्मचारियों को राज्य एवं केन्द्र सरकार का मानदेय एक साथ दिया जाता था, लेकिन चुनाव पूर्व अलग-अलग दिया जा रहा है, जबकि सम्पूर्ण भारत में राजस्थान को छोड़ कर उक्त मानदेय एक साथ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को पूर्व की भांति एक साथ मानदेय दिया।


### कार्यालय नगर निगम, अजमेर

न.नि.अ/24-25/भवन/95 दिनांक: 07/05/2024

### आपत्ति सूचना

श्री प्रवीण कुमार वर्मा पुत्र श्री ओमप्रकाश वर्मा, श्रीमती रेखा वर्मा पत्नी श्री प्रवीण कुमार वर्मा निवासीगण भागचन्द सोनी नगर फाईसागर रोड, अजमेर द्वारा एक सम्पति संख्या 35-ए से अंकित का दक्षिणी भाग है जो वाकै भागचन्द सोनी थोक तेलियान फाईसागर रोड अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 85.46 व.मी. है भूमि के आवासीय से व्यावसायिक वर्तमान मास्टर प्लान 2033 अनुसार व्यावसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएं निम्नानुसार हैं।

पूर्व - 40 फुट चौड़ा रास्ता आम पश्चिम - 20 फुट चौड़ा रास्ता आम
उत्तर - श्री प्रवीण वर्मा की निजी सम्पति संख्या 35 दक्षिण - सम्पति का शेष भाग श्री अर्जुन बालचंदानी

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

### कार्यालय नगर पालिका गुलाबपुरा ( भीलवाडा )

क्रमांक : 126 दिनांक : 6.5.2024

### उजरदारी नोटिस

श्री मुकेश कुमार पिता श्री पिता रामचन्द्र शर्मा निवासी द्वारा प्लाट सं. A-139 (40x60) न्यू कोलोनी योजना पालिका कार्यालय में भवन निर्माण स्वीकृति हेतु/भूखण्ड हस्तान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः इस सूचना पत्र के माध्यम से सार्वजनिक सूचना प्रसारित की जाती है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त भवन निर्माण स्वीकृति/भूखण्ड हस्तान्तरण के संबंध में कोई आपत्ति हो तो लिखित रूप में मय दस्तावेजी प्रमाणों को संलग्न करते हुए एक सप्ताह की अवधि में प्रस्तुत कर दें। उक्त अवधि के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। पत्रावली एवं दस्तावेजो का निरीक्षण कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस के समय देखा जा सकता है।

पडौस विवरण:
पूर्व : प्लाट सं. 142 पश्चिम : आम रास्ता 30 फीट
उत्तर : प्लाट सं. 140 दक्षिण : प्लाट सं. 138

अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, गुलाबपुरा

### कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ जिला-अजमेर (राज.)

क्रमांक -न.प.कि / 69-क/2024 /22 आम सूचना दिनांक : 07/05/24

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद किशनगढ़ में निम्न भूखण्ड का वितरण राजस्व ग्राम किशनगढ़ बी के खसरा 1577/1567 का क्षेत्रफल 18730 वर्गगज का आवासीय प्रयोजनार्थ है अतः निम्न खसरा नम्बर के भूखण्ड नियमन में संबंधित किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपति हो तो इस सूचना के प्रकाशन कि दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय को लिखित में आपतियां/कारण/विवरण सहित कार्यालय समय में दर्ज करावें।

| क्र. सं. | प्रार्थी का नाम | राजस्व ग्राम का नाम एवं खसरा नं.रकबा | क्षेत्रफल | प्रस्तावित 69-क |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. जोली गुप्ता पुत्री मनमोहन गुप्ता 2. प्रकाशचन्द पुत्र श्री मदन लाल 3. भरत आशिवाल पुत्र श्री प्रकाशचन्द | किशनगढ़ बी 1577/1567 | क्षेत्रफल 18730 वर्गगज | आवासीय |

प्रभारी नगर परिषद किशनगढ

### कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ जिला-अजमेर (राज.)

क्रमांक -न.प.कि / 69-क/2024 /19 आम सूचना दिनांक : 07/05/24

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद किशनगढ़ में निम्न भूखण्ड का वितरण राजस्व ग्राम किशनगढ़ बी के खसरा 1578/1567 का क्षेत्रफल 18730 वर्गगज का आवासीय प्रयोजनार्थ है। अतः निम्न खसरा नम्बर के भूखण्ड नियमन में संबंधित किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपति हो तो इस सूचना के प्रकाशन कि दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय को लिखित में आपतियां/कारण/विवरण सहित कार्यालय समय में दर्ज करावें।

| क्र. सं. | प्रार्थी का नाम | राजस्व ग्राम का नाम एवं खसरा नं.रकबा | क्षेत्रफल | प्रस्तावित 69-क |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. श्रीमती प्रमिला पत्नि श्री सुरेन्द्र 2. श्रीमती मंजु देवी पत्नि श्री राजेन्द्र 3. ललित शर्मा पुत्र श्री मदनलाल 4. श्रीमती स्वेता बंसल पत्नि श्री अमित बंसल | किशनगढ़ बी 1578/1567 | क्षेत्रफल 18730 वर्गगज | आवासीय |

प्रभारी नगर परिषद किशनगढ


# जॉली एलएलबी-3 फिल्म की टीम के खिलाफ कोर्ट ने नोटिस जारी किए

## फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार, अरशद वारसी व फिल्म निर्देशक सुभाष कपूर कोर्ट में पेश नहीं हुये

- जिला बार ने किया था दावा पेश, न्यायपालिका की छवि धूमिल करने का लगाया था आरोप
- शूटिंग लोकेशन पर नोटिस चस्पा किये, आठ मई को फिर होगी सुनवाई

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर के डीआरएम ऑफिस परिसर में चल रही जॉली एलएलबी-3 फिल्म की शूटिंग के दौरान न्यायपालिका की छवि धूमि करने वाले दृश्य सहित ऑफिस में काम करने वाले कर्मचारियों की परेशानी को लेकर अजमेर उत्तर कोर्ट में जिला बार एसोसिएशन द्वारा पेश किए परिवाद में मंगलवार को सुनवाई करते हुए सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट उत्तर अजमेर शहर यश बिश्नोई ने 6 लोगों नोटिस जारी किए थे। मामले में कलेक्टर भारती दीक्षित, अजमेर डीआरएम ऑफिस महाप्रबंधक धनखड़ और सिविल लाइन्स एसएचओ छोटूलाल की ओर से अधिवक्ता कोर्ट पहुंचे और अपना जवाब पेश किया, लेकिन अभिनेता अक्षय कुमार, अरशद वारसी और प्रोड्यूसर सुभाष कपूर नहीं आए। जिस पर जज बिश्नोई ने शूटिंग एरिया में नोटिस चस्पा के आदेश दिए हैं। अब मामले को लेकर अब बुधवार को सुनवाई होगी।


कोर्ट नोटिस की पालना करने के लिए जाते हुए कर्मचारी व वकील।

अजमेर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रभान राठौड़ सहित अन्य वकीलों ने बताया कि फिल्म जॉली एलएलबी-3 की शूटिंग में जो दृष्य फिल्माये जा रहे हैं, उनके माध्यम से न्यायाधीश व वकीलों की मान, सम्मान, मर्यादा व प्रतिष्ठता धूमिल की जा रही है, जबकि न्याय पालिका में ऐसा कुछ नहीं होता है। वकीलों का आरोप रहा कि डीआरएम ऑफिस में स्थित बैक में आने वाले लोगों के साथ भी फिल्म प्रोडक्शन के बांउसरों द्वारा अभद्र व्यवहार व धक्का मुक्की की जा रही है, जिसके कारण बैंक से जुड़े लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मंगलवार को इस मामले में अजमेर उत्तर कोर्ट के जज यश विश्नोई ने परिवाद पर सुनवाई करते हुए अभिनेता अक्षय कुमार, अरशद वारसी और फिल्म प्रोड्यूसर, डीआरएम राजीव धनखड़, कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित, एसएचओ सहित अन्य के खिलाफ नोटिस जारी करते हुए सभी को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिए। कोर्ट आदेशों की तामिल कराने के लिए कोर्ट कर्मचारी वकीलों के साथ डीआरएम कार्यालय में नोटिस तामिल करवाने पहुंचे, जहां उन्होंने पहला नोटिस डीआरएम कार्यालय में दिया है। कोर्ट नोटिस मिलने पर कलेक्टर भारती दीक्षित, अजमेर डीआरएम राजीव धनखड़ और सिविल लाइन्स एसएचओ छोटूलाल की ओर इनके वकीलों ने अपना पक्ष रखा, लेकिन अभिनेता अक्षय कुमार, अरशद वारसी और फिल्म प्रोड्यूसर सुभाष कपूर अदालत नहीं पहुंचे, जिस पर जज बिश्नोई ने शूटिंग एरिया में नोटिस चस्पा के आदेश दिए हैं। अब मामले को लेकर अब बुधवार को सुनवाई होगी।

## पेयजल व्यवस्था के समाधान की मांग

**अजमेर,** (कासं)। सेवानिवृत राज्य कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति के संरक्षक राधेश्याम गहलोत के नेतृत्व में शहर में बिगड़ी पेयजल समस्या के स्थायी समाधान की मांग को लेकर मंगलवार को जिला कलक्टर डॉ भारती दिक्षित को ज्ञापन सौंपा। अध्यक्ष करण सिंह ने बताया कि एक सप्ताह में 2-2 बार पाइप लाईन टूटने से जहां एक ओर आमजन को इस भीषण गर्मी में पेयजल की समस्या से जूझ रहे है और अधिक राशि देकर टैंकर मंगवाने के लिए मजबूर हो रहे है, वहीं जलदाय विभाग की कार्य प्रणाली पर भी सवालिया निशान लग रहा है कि अखिर बार बार पाइप लाईन टूटने के पीछे हल्की क्वालिटी के पाइप लाईन डालने की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता। उन्होने ज्ञापन के माध्यम से आमजन के हित को ध्यान में रखते हुए पेयजल समस्या का स्थायी समाधान कर आमजन को राहत पंहुचाने की मांग की है। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम सिंह रावत, हरिशंकर रैगर, मदन सिंह, तेजलाल, अर्जुन, मदन लाल सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

## शेष नाग पर सवारी निकाली

**पुष्कर,** (निसं)। पुष्कर के पुराना रंग जी मंदिर से रथ पर शेषनाग पर स्वामी जी महाराज की सवारी निकाली गई जो मंदिर से होती हुई प्रधान वराह चौक बद्री घाट होलिका चौक महेश्वरी सेवा सदन से मंदिर में पुनः पहुंची। इस बीच भक्तो ने सवारी का स्वागत किया।


### कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक -न.प.बि/निर्माण स्वी./2024/529 आम सूचना दिनांक : 7.5.2024

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्र / आपति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण

| फाइल नं. | आवेदक नाम | भूखण्ड का विवरण | भूखण्ड का नाप | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 21 | प्रीमिला देवी कुशवाह पत्नि सहदेवसिंह कुशवाह | गौरव विस्तार राजस्व बाडी विजयनगर ख.सं. 466, 467/1,467/2, 463/4,468/3 भू.सं. 07 | 107.25 SQ.MTR | आवासीय |
| 22 | प्रीमिला देवी कुशवाह पत्नि सहदेवसिंह कुशवाह | गौरव विस्तार राजस्व बाडी विजयनगर ख.सं. 466, 467/1,467/2, 463/4,468/3 भू.सं. 01 | 121.97 SQ.MTR | आवासीय |
| 23 | प्रीमिला देवी कुशवाह पत्नि सहदेवसिंह कुशवाह | गौरव विस्तार राजस्व बाडी विजयनगर ख.सं. 466, 467/1,467/2, 463/4,468/3 भू.सं. 02 | 112.51 SQ.MTR | आवासीय |
| 24 | प्रीमिला देवी कुशवाह पत्नि सहदेवसिंह कुशवाह | गौरव विस्तार राजस्व बाडी विजयनगर ख.सं. 466, 467/1,467/2, 463/4,468/3 भू.सं. 03 | 112.86 SQ.MTR | आवासीय |
| 25 | प्रीमिला देवी कुशवाह पत्नि सहदेवसिंह कुशवाह | गौरव विस्तार राजस्व बाडी विजयनगर ख.सं. 466, 467/1,467/2, 463/4,468/3 भू.सं. 04 | 112.86 SQ.MTR | आवासीय |

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका विजयनगर

# ए.डी.ए. ने शहर के विभिन्न इलाकों से हटाया अवैध अतिक्रमण

## कई समय से एडीए की भूमि पर अतिकमण होने की जानकारी मिल रही थी

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर मे शहर हो रहे अवैध अतिर्कमण की शिकायत पर मंगलवार को अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर के आयुक्त नित्या के, उपायुक्त व सचिव के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए जेसीबी की मदद से करीब पांच स्थानो से अवैध अतिकमण हटाने की कार्रवाही को अंजाम दिया।

उपायुक्त ने बताया कि कई समय से एडीए की भूमि पर अतिकमण होने की जानकारी मिल रही थी, जिस पर कार्यवाही करते हुए मंगलवार को एडीए पुलिस जाप्ते के साथ पंचशील स्थित शिव मंदिर के पास लोहे की फेसिंग को हटाकर लेवलिंग की और विजय सरिता अपार्टमेट के सामने सडक़ भाग मे बनाई जा रही चार दीवारी को तोडा गया तो वही कोटडा मे एडीए की व्यवसायिक भूमि पर कोटडी बनाकर किए गए अतिकमण को ध्वस्त किया गया तथा ईडब्ल्युएस के पास प्राधिकरण की खाली पडी भूमि पर बनी हुई कोटडियो को हटाने की कार्रवाई तो वही हरिभाऊ उपाध्याय स्थित शिव रेजीडेंसी के पास फेसिंग को हटा गया तो इसी प्रकार बी के कॉल नगर भूखंड संख्या 655, 654 के सामने सडक़ भाग मे ईटो से बनाया गया एक पक्का निर्माण धराशाही किया गया।

इस दौरान कनिष्ठ अभियंता अजीत बजाज, कनिष्ठ अभियंता अंशुल ऐरन सहित एडीए का पुलिस जाब्ता मौजूद रहा।



जेसीबी की मदद से करीब पांच स्थानो से अवैध अतिकमण हटाने की कार्रवाही को अंजाम दिया।

## अपना घर वृद्ध आश्रम का निरीक्षण

**ब्यावर, (निसं)।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजमेर सचिव महेंद्र कुमार ढाबी ने अपना घर वृद्ध आश्रम का आकस्मिक और औचक निरीक्षण किया। माननीय सचिव ने निरीक्षण में वृद्ध जनों से मुलाकात की एवं उनके स्वास्थ्य के बारे में पूछा। उन्होंने आश्रम में शौचालय, रसोई आदि की साफ सफाई का भी जायजा लिया। ढाबी ने आश्रम कर्मचारियों से भोजन सारणी, समय, डॉक्टर विजिट, मनोरंजन के साधन के बारे में पूछताछ की।

आश्रम के संचालक करतार सिंह ने बताया कि प्राथमिक उपचार किट, कपड़े तथा बिस्तर की व्यवस्था, सर्दियों में कंबल तथा गर्मियों में कूलर आदि की व्यवस्था है। आश्रम में सुरक्षा व्यवस्था आवश्यकता अनुसार ठीक है। वृद्धजनों के घूमने हेतु बगीचे तथा मनोरंजन हेतु केबल मय एलईडी टेलीविजन, दैनिक समाचार पत्र की भी व्यवस्था है। वृद्धजनों हेतु नहाने के लिए गर्म पानी के लिए गीजर की व्यवस्था है। वृद्ध जनों को आवश्यकता अनुसार व्हीलचेयर, वॉकर, स्टिक आदि भी उपलब्ध करवाई जाती है। स्टाफ की व्यवस्था समुचित है, अतिरिक्त स्टाफ की आवश्यकता नहीं है। सचिव ने वृद्ध जनों के पुनर्वास के प्रयासों की स्थिति का भी जायजा लिया।सचिव ढाबी ने राजस्थान सरकार द्वारा वृद्ध जन पेंशन के बारे में पूछताछ की।

## सरकारी नाम से धड़ल्ले से चल रहे निजी वाहन

**ब्यावर, (निसं)।** शहर में ऐसे कई निजी वाहन नज़र आते है जिसकी नम्बर प्लेट पर लाल पट्टी,राजस्थान सरकार और भारत सरकार लिखा होता है।आम जनता और पुलिस विभाग पर अपनी धौंस दिखाने का अच्छा ज़रिया बना रखा है क्योंकि ऐसे वाहनों की जाँच अथवा पूछताछ करने में पुलिस विभाग, यातायात विभाग दोनों ही कतराते है।शहर में एक सफेद कलर की स्वीफ्ट कार आर जे 36 टीए 1734 जिसमें चालक अकेला बैठा था और अंधाधुंध चला रहा था। करीब 2 किलोमीटर तक उसका पीछा किया लेकिन संयोग से किसी कार्यवश वो गाड़ी भी रुक गई।

जब चालक से पूछा तो पहले उसने बताया कि कलेक्टर साहेब के लगी हुई है।लेकिन ओर ज़्यादा पूछताछ की तो चालक ने कहा कि कुछ माह पूर्व तक कलेक्टर साहेब के लगी थी लेकिन अब नहीं है। उस स्वीफ्ट गाड़ी पर बड़े बड़े अक्षरों में लाल कलर के स्टीकर से राजस्थान सरकार लिखा हुआ था। गौरतलब है कि ऐसे वाहनों की जाँच करते हुए प्रशासन को तुरंत सजग रहकर कार्यवाही करनी चाहिए। ऐसे वाहनों से आपराधिक घटनाये, अवैध परिवहन आदि होने की पूरी पूरी सम्भावनाएं बनी रहती है।

## पक्षियों व जीव जन्तुओं को पेयजल उपलब्ध करवाया

**मकराना, (निसं)।** पक्षियों व जीव जन्तुओं को पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए मकराना में स्थित बोरावड़ कस्बे के नागरिकों ने सराहनीय काम हाथ में लिया है। सद्भावना जन जागृत्ति संस्था बोरावड़ के तत्वावधान में नागरिकों ने यहां के सार्वजनिक तालाब में एक साथ 400 से अधिक टैंकर पानी के डाले हैं। कारण यह तालाब कभी पूरे बोरावड़ की प्यास बुझाता था जो कि अब सूख चुका है।

भीषण गर्मी में जीव जन्तुओं को पानी के लिए भटकते देखकर उन्होंने तालाब को पानी से भरने के लिए सोशल मीडिया पर लोगों से सहयोग की मार्मिक अपील की जिस पर लोगों ने तुरंत सहयोग उपलब्ध करवाना शुरू कर दिया। तालाब में 400 से ज्यादा पानी के टैंकर डलवाने का लक्ष्य रखा गया है। मंगलवार को सुबह 9 बजे तक 50 टैंकर पानी के खाली हो चुके थे। बारिश होने तक गर्मी में यह व्यवस्था निरंतर जारी रखने का भी लक्ष्य रखा गया है।सुविधा जन जागृति संस्था के इस पुनित कार्य में युवा हिन्दू गौ रक्षा समिति मकराना, सर्व धर्म महिला मण्डल बोरावड, हिंदू एकता मिशन टीम, स्वर्णकार महिला बोरावड़, हिन्दू एकता मिशन टीम, स्वणकार माहीला मण्डल बोरावड़, विनायक ग्रुप बोरावड़ सहित अन्य सामाजिक संस्थाओं ने सहयोग किया। इस अभियान के संयोजक रामस्वरूप गौरा ने बताया कि बोरावड़ के सार्वजनिक तालाब के सूख जाने से पशु, पक्षियों, जीवों के लिए पेयजल की गंभीर समस्या उत्पन हो गई है। बारिश का मौसम आने तक जीव जंतुओं के लिए सामूहिक सहयोग से तालाब में पानी की व्यवस्था करने की शुरुआत की है।

# परशुराम जन्मोत्सव महोत्सव में महिलाओं ने दिखाया उत्साह

**ब्यावर, (निसं)।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में महिलाओं ने जमकर उत्साह दिखाया। भगवान परशुराम जन्मोत्सव समिति के मीडिया प्रभारी रवि डंडायत ने बताया कि पंच दिवसीय महिलाओं के कार्यक्रम और विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई जिनमें महेंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर ट्विंकल शर्मा और द्वितीय स्थान पर बरखा शर्मा रही। वहीं थाल सज्जा प्रतियोगिता में काजल डंडायत ने प्रथम स्थान और वर्षा व्यास ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। घरेलू अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी वस्तुएँ बनाने की प्रतियोगिता में नेहा शर्मा प्रथम तो द्वितीय स्थान पर भूमि पाराशर ने बाज़ी मारी। माण्डणा बनाने की प्रतियोगिता मे। तमन्ना गौड़ प्रथम रही तो द्वितीय स्थान पर आशा गौड़ रही। कार्यक्रम में कौशल्या कौशिक, सुमित्रा शर्मा, लता शर्मा, प्रीति शर्मा, निधि शर्मा, राममूर्ति डंडायत, ममता गील, सुनीता शर्मा, लक्ष्मी भारद्वाज, रजनी चतुर्वेदी, सुलक्षणा शर्मा, हेमलता दूत, सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने भागीदारी की।इस अवसर पर संयोजक अजय शर्मा, हरीश चंद्र शर्मा, मदनमोहन जोशी, चन्द्रभान शर्मा, प्रकाश रिणवा, उमाकांत त्रिवेदी, मदनमोहन त्रिपाठी, दिनेश शर्मा, रोहित आचार्य, राजेश शर्मा, जसराज शर्मा, दीपक गील , मोहनलाल भोपलावत सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।



परशुराम जन्मोत्सव के पांच दिवसीय महिलाओं के कार्यक्रम और विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई।

# पुष्कर रन 13 को, युवाओं में उत्साह का माहौल

**पुष्कर, (निंस)।** पुष्कर की पवित्रता व मर्यादा को लेकर पुकर पुलिस द्वारा सेकर्ड पुष्कर मैराथन का आयोजन मेला ग्राउंड पुष्कर में 13 मई सोमवार को होगा जिसमें सेकर्ड पुष्कर रन में हजारों युवा, बच्चे, भाग लेंगे। शहर के अब तक के सबसे बड़े आयोजन में हजारों की संख्या में स्कूल, विश्विद्यालय के छात्रों व बुजुर्गों के उत्साह से आयोजनकर्ताओं पुलिस थाना पुष्कर व पुलिसमित्र टीम में खुशी की लहर है । मैराथन का शुभारंभ मेला मैदान पुष्कर से रामधाम तिराहा, बड़ी पुलिया से बख्तावरो की बावड़ी, सावित्री माता होते हुए पुनः मेला मैदान पर समाप्त होगी । कार्यक्रम में सभी भाग ले सकते है जो पूर्णतः निशुल्क है ।भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट, व मैराथन की केप दी जाएगी । प्रशिक्षु आईपीएस व पुष्कर थानाधिकारी काम्बले शरण गोपीनाथ ने कहा पुष्कर की नई ब्रांड इमेज बनाने में सेकर्ड पुष्कर मैराथन शहर, प्रदेश व देश का भविष्य युवा पीढ़ी के मजबूत हाथों में सुरक्षित है।

उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर हमारी सबसे बड़ी पूंजी है और इसे ठीक रखने के लिए चलना, दौड़ना, भागना जैसी गतिविधियां अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने सेकर्ड पुष्कर मैराथन को स्वस्थ लाइफस्टाइल की प्रैक्टिकल संज्ञा देते हुए कहा कि इस आयोजन से समाज के सभी वर्गों में स्वस्थ जीवनशैली को लेकर एक सकारात्मक संदेश जाएगा। राजस्थान खेलों की धरती है, ऐसे में पुष्कर से स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहन देने के लिये समाज के सभी वर्गों को इससे जुड़ने की अपील की है ताकि भविष्य में युवा खेलो से जुड़कर अपने भविष्य का निर्माण कर सके।




पोस्टर का विमोचन आईपीएस कांबले शरण गोपीनाथ ने किया।

## इनर व्हील क्लब ने चश्मे वितरीत किये

**भीलवाड़ा, (निसं)।** इनर व्हील क्लब भीलवाड़ा एवं बूंदी के सहयोग से ,श्री गणेश उत्सव प्रबंध एवं सेवा समिति एवं अन्धता निवारण सोसाइटी के तत्वाधान चार दिवसीय निशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर में 37 नेत्र रोगियों के आंखों के ऑपरेशन किए गए इनर व्हील क्लब की सदस्यों ने नेत्र रोगियों को दवाइयां व चश्मे वितरित किए। इस बार के नेत्र शिविर में इनर व्हील क्लब बूंदी अध्यक्ष सुनीता सोमानी, सचिव निशा गुप्ता एवं इनर व्हील क्लब भीलवाड़ा अध्यक्ष रीता गोयल, सचिव सुमित्रा वैष्णव का विशेष सहयोग रहा इस अवसर पर समिति अध्यक्ष उदयलाल समदानी, जे के मित्तल, रामनारायण, गणपत, सुभाष गर्ग, अरुण, शांता सोमानी ने सेवाएं दी। मीडीया प्रभारी महावीर समदानी ने बताया कि डॉ कृष्णा हेडा वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा स्पर्श हॉस्पिटल, टंकी के बालाजी के सामने चयनित रोगियों का मोतियाबिंद ऑपरेशन के बाद आंखों की जांच की।

# सरकार ने मूक प्राणियों के लिए उठाया सराहनीय कदम

**मसूदा, (निसं)।** मूक प्राणियों के लिए राज्य सरकार द्वारा उठाया कदम सराहनीय एवं प्रशंसनीय है। मूक प्राणियों के लिए किए जा रहे पुण्य कार्य मे हरेक भामाशाह को भी सहयोग देकर सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों में अवश्य निभानी चाहिए भागीदारी।राज्य सरकार के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा मूक पशु पक्षियों के लिए प्रत्येक गांव व कस्बे में चारा,व दाना- पानी की व्यवस्था किये जाने के आदेश दिए हैं। इस सम्बन्ध में पंचायती राज विभाग के शासन सचिव एवं आयुक्त रवि जैन ने राज्य के समस्त जिला परिषदों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को प्रत्येक गांव व कस्बे में पशु- पक्षियों के चारा, दाना-पानी की व्यवस्था किये जाने के आदेशदिए हैं।

मूक प्राणियों के लिए चारा व दाना पानी की व्यवस्था करने हेतु दिए गए इन आदेशों को राज्य सरकार का सराहनीय एवं प्रशंसनीय कदम कहा जा सकता है। पंचायती राज विभाग के शासन सचिव एवं आयुक्त रवि जैन द्वारा राज्य के समस्त जिला परिषदों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को प्रत्येक गांव/कस्बे में पशु-पक्षियों के चारा व दाना-पानी की व्यवस्था किये जाने के सम्बन्ध में जारी किए आदेशों में बताया कि राज्य में भीषण गर्मी को देखते हुए मुख्य सचिव के निर्देशानुसार प्रत्येक गाव व कस्बे में पशु-पक्षियों को चारा, दाना-पानी की व्यवस्था किये जाने के संबंध में निर्देश प्रदान किये गये है।

इस व्यवस्था में प्रत्येक राजकीय कार्यालयों में पक्षियों के लिए पेड़ों पर परिण्डे जगवाये जाये एवं उनमें प्रतिदिन पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएं। पक्षियों के लिए गांव / कस्बे में जहाँ पक्षियों की आवाजाही अधिक रहती है वहाँ एवं पेडों पर दाने के लिए पात्र की व्यवस्था की जावे। उक्त कार्यों के सम्बन्ध में आवश्य क्तानुसार स्थानीय दानदाता/ भामाशाह/ सामाजिक संस्थाओं एवं ग्रामीणों को प्रेरित कर उनका सहयोग लिया जा सकता है।

# योजनाओं के निर्धारित लक्ष्यों की प्रगति सुनिश्चित करें अधिकारी : जिला कलक्टर

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों की फ्लैगशिप योजनाओं, 100 दिवसीय कार्ययोजना की प्रगति, संपर्क पोर्टल पर विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों, फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

जिला कलक्टर ने बैठक में फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान की प्रगति की जानकारी ली। सीएमएचओ डॉ सीपी गोस्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में 1 जनवरी 2024 से 4 मई तक 184 नमुने जांच हेतु लिए गए, साथ ही सर्विलांस में जांच हेतु 422 सैंपल लिए गए। जिनमें 18 नमूने सब स्टैंडर्ड/ मिस ब्रांड पाए गए। उन्होंने बताया कि निर्णित 28 प्रकरणों में 8 लाख 70 हजार रू की पेनल्टी भी लगाई गई। जिला कलक्टर ने सीएमएचओ को जिले में झोलाछाप व बिना लाइसेंस के प्रैक्टिस कर रहे चिकित्सकों के खिलाफ अभियान जारी रखने के निर्देश भी दिए।

मौसमी बीमारियां जैसे डेंगू, मलेरिया से बचाव के लिए आमजन में फैलाएं जागरूकता - जिला कलक्टर ने सभी सरकारी व गैर सरकारी चिकित्सा संस्थानों के पास फायर एनओसी हो, यह सुनिश्चित करने के लिए सीएमएचओ और नगरपरिषद आयुक्त को निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने कहा कि मौसमी बीमारियां जैसे डेंगू, मलेरिया आदि जन जागरूकता के माध्यम से नियंत्रित रहें, इसके लिए आमजन को जागरूक करें। उन्होंने सूखे और बंद पड़े कुओं और ट्यूबवेल की मरम्मत और दुर्घटना से बचने के लिए उन्हें ढक कर रखने आदि उपायों के लिए जिला परिषद, नगर निकायों, पीएचईडी के अधिकारियों को निर्देशित किया।

उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह जल्द से जल्द ई-फाइलिंग प्रक्रिया को अपनाएं और इसके जरिए पत्रावलियों के निस्तारण समय में सुधार लाने के नियमित प्रयास करें। सम्पर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का हो गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण - जिला कलक्टर ने शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, पीएचईडी, पीडब्ल्यूडी नगर परिषद, सांख्यिकी एवं अन्य विभागों की संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरण की समीक्षा करते हुए लेवल प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय लेवल पर दर्ज प्रकरणों के विस्तार से समीक्षा की एवं अधिकारियों को निर्देश दिए कि तत्काल प्रभाव से प्रकरणों का निस्तारण किया जाए।

साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि 30 दिन से अधिक संपर्क पोर्टल पर कोई प्रकरण लंबित न रहें और परिवादों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण किया जाए एवं प्रार्थी को संतुष्टिजनक जवाब दिया जाए। साथ ही कहा कि संपर्क पोर्टल पर किए गए निस्तारण की समीक्षा की जाएगी और अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय की जाएगी। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन रतन कुमार, एडीएम सिटी वंदना खोरवाल, उपखंड अधिकारी आव्हाद नि. सोमनाथ, उपनिदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता सत्यपाल जांगिड़, उप निदेशक रोजगार विभाग, मुकेश गुर्जर अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहें।



जिला कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

- **बैठक में फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी से शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान की जानकारी ली**

## मुस्लिम एकता मंच ने आईजी को सौंपा ज्ञापन

**अजमेर, (कासं)।** रामगंज थाना क्षेत्र के दौराई खानपुरा मस्जिद में 27 अप्रैल को हुई मौलाना माहिर की हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी और हत्याकांड की जांच स्पेशल टीम से कराने की मांग को लेकर मंगलवार को मुस्लिम एकता मंच सहित समाज के प्रतिनिधियों ने रेंज आईजी लता मनोज कुमार को ज्ञापन सौंपा। जिस पर आईजी ने एसपी देवेंद्र कुमार विश्नोई को स्पेशल जांच टीम का गठन कर मामले की जांच के आदेश दिए।

रेंज आईजी लता मनोज व एसपी देवेंद्र कुमार विश्नोई को सौंपे ज्ञापन में मुस्लिम एकता मंच व शिया समुदाय के प्रतिनिधियों ने बताया कि खानपुरा मस्जिद में इमाम माहिर के हत्यारे को लेकर संबंधित थानापुलिस कोई सुराग नहीं लगा पाई है तथा पूर्व में समाज के रमजान पुत्र अमरदीन जो साइकिल रिपेयर का कार्य करता है उसके साथ भी दरगाह थाना पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्वक व्यवहार से समाज में रोष व भय का माहौल व्याप्त है। तीन लोगों द्वारा बर्बर हत्या कर दी गई थी, लेकिन आज दिनांक तक हत्यारों का कोई सुराख नहीं मिल पाया है। इससे समाज के लोगों में भय और रोष माहौल है। प्रतिनिधियों ने स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम गठित कर उक्त हत्याकाण्ड की जांच कर खुलासा कराया जाए ताकि जो भी दोषी को शीघ्र गिरफ्तार की मांग की।

## सार-समाचार

### संभागीय आयुक्त ने किया निरीक्षण

**अजमेर, (कासं)।** संभागीय आयुक्त महेश चन्द्र शर्मा के द्वारा स्वास्थ्य संकुल में किए गए औचक निरीक्षण में अनुपस्थित पाए गए 67 कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। संभागीय आयुक्त महेश चन्द्र शर्मा द्वारा मंगलवार को कार्यालय समय 9.30 बजे स्वास्थ्य संकुल अजमेर का औचक निरीक्षण किया गया। इस परिसर में संयुक्त निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, सहायक औषधी नियन्त्रक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय संचालित है। निरीक्षण के दौरान संयुक्त निदेशक डॉ. एस.एस. जोधा तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ज्योत्सना रंगा उपस्थित थे। सभी कार्यालयों से उपस्थिति पंजिका का अवलोकन करने पर पाया कि संयुक्त निदेशक कार्यालय में 13, स्वास्थ्य संकुल में 48, सहायक औषधी नियन्त्रक कार्यालय में 6 कुल 67 कार्मिक अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थित कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के लिए संयुक्त निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया। भविष्य में समस्त अधिकारी तथा कर्मचारीगण को कार्यालय में समय पर उपस्थित होने के लिए पाबन्द करने की हिदायत दी गई। संभागीय आयुक्त श्री शर्मा के द्वारा कार्यालय की शाखाओं का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शाखाओं में फाईलों को व्यवस्थित करने तथा कार्यालय के कमरों की साफ-सफाई के लिए निर्देशित किया गया।

### घी व केक के नमूने जांच हेतु लिए

**नागौर, (निसं)।**आमजन को शुद्ध एवं पौष्टिक खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से शुद्ध आहार - मिलावट पर वार अभियान के तहत श्रीमान आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण श्री इकबाल खान तथा जिला कलेक्टर नागौर एवं डीडवाना कुचामन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नागौर डॉ. राकेश कुमावत के निर्देशानुसार जिले में अभियान के तहत मंगलवार दिनांक 7 मई 2024 को कुचामन सिटी कस्बे में दुकानों का निरीक्षण कर घी भूमि ब्रांड रस्क वह केक के नमूने जांच हेतु लिए गए। सभी नमूनों को जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला अजमेर जांच के लिए भेजा जाएगा, जांच रिपोर्ट में मिलावट आने पर 2006 के तहत कार्यवाही की जायेगी। कार्यवाही में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विशाल मित्तल, संदीप अग्रवाल, गणपत राम जाट, बाबूलाल तथा सहायक कर्मचारी संतोष जोशी उपस्थित रहे। कार्यवाही के दौरान कुचामन सिटी में घी भूमि ब्रांड के दो नमूने लिए जाकर 1 लीटर व आधा लीटर के आठ कार्टून लगभग 118 लीटर घी भी सीज किया गया। उल्लेखनीय है कि घी भूमि ब्रांड का नमूना पूर्व में लिया गया था जो की जांच रिर्पोट के अनुसार अनसेफ होना पाया गया इसी आधार पर पुनः नमूनीकरण कर मौके पर मौजूद माल को सीज किया गया।

### जीरो पेंडेंसी अभियान 15 तक

**भीलवाड़ा, (निसं)।** उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजनान्तर्गत राजकीय एवं निजी शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के स्तर पर सत्र 2021-22 से 2023-24 तक रेड फ्लेग में लंबित आवेदन पत्रों के निस्तारण के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा 15 मई तक जीरो पेंडेंसी अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए उप निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने जिले के आवेदकों को अपने आवश्यक दस्तावेज सहित कार्यालय में उपस्थित होने की जानकारी दी। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, उप निदेशक सत्यापाल जांगिड़ ने बताया कि जीरो पेंडेंसी अभियान को प्रभावी बनाने हेतु जिले में संचालित समस्त राजकीय एवं निजी शिक्षण संस्थाओं की छात्र/छात्राऐं 15 मई तक राजकीय एवं निजी शिक्षण संस्थाओं एवं छात्र/छात्राओं के स्तर पर उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजनान्तर्गत लंबित आवेदन पत्रों को 15 मई से पूर्व जिला कार्यालय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में ऑनलाईन भेजना सुनिश्चित करावे।

### आचार्य सुनील सागर ने दिये प्रवचन

**अजमेर, (कासं)।** शहर में विराजित जैन आचार्य सुनील सागर ने कहा- 'ढाई दिन का झोपड़ा' के बारे में इतिहास में पढ़ा करते थे। वहां संस्कृत महाविद्यालय भी था और किसी जमाने में जैन मंदिर भी रहा होगा। आचार्य ने अपने संघ के साथ ढाई दिन के झोपडे क़ा अवलोकन करने के बाद ये बात कही। इस दौरान जैन धर्मावलम्बियों के अलावा हिन्दूवादी संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी मौजूद थे। आचार्य छोटे धडे की नसियां से देहली गेट होते हुए धानमंडी, दरगाह बाजार, त्रिपोलिया गेट से होते हुए मुनि संघ ढाई दिन के झोपडे प़र पहुंचे। जहां धार्मिक मान्यता के बारे में बताया तो वे मान गए। इसके बाद वहां ढाई दिन के झोपडे क़ो देखा। आचार्य ने कहा कि भगवान राम व महावीर ने अंहिसा का संदेश दिया। मैत्रीभाव रखना चाहिए। एक-दूसरे के प्रति आदर भाव रखना चाहिए। एडवोकेट शशि प्रकाश इंदौरिया ने बताया कि जैन मुनि पुज्य सुनिल सागर जी महाराज ने आज अन्य संतों के साथ छोटा धडा की नसिया से आज सुबह रवाना होकर ढाई दिन के झोपडे पर पहुंचे और ऐतिहासिक इस धरोहर का अवलोकन किया।

### बालिका विद्यालय का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**ब्यावर, (निसं)।** विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान, कुरुक्षेत्र की ओर से आयोजित अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता- 2023 के बाल वर्ग में आदर्श विद्या मंदिर बालिका माध्यमिक विद्यालय की बहन - हर्षिता साहू ने अखिल भारतीय स्तर पर प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। वंदना सभा में कविता शर्मा (बालिका विभाग प्रधानाचार्य) नवीन कुमार सैनी (उच्च माध्यमिक प्रधानाचार्य) ने संयुक्त रूप से प्रमाण पत्र, पुरस्कार प्रदान कर हार्दिक शुभकामनाएं दी। कविता शर्मा ने संबोधन में कहा कि भारत की महान आध्यात्मिक, सांस्कृतिक गौरवपूर्ण इतिहास, महापुरुषों का जीवन चरित्र, श्रेष्ठ राष्ट्रीय परंपरा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान, कुरुक्षेत्र की ओर से प्रतिवर्ष निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। छात्रा- हर्षिता साहू को पुरस्कार स्वरूप सद् साहित्य एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। छात्रा की उपलब्धि पर संस्कृति ज्ञान प्रभारी प्रभारी - सुमित्रा टांक, माधुरी गुप्ता और विद्यालय प्रबंध समिति ने हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की।

### पखवाड़े के रूप मे मनाया मजदूर दिवस

**परबतसर, (निसं)।** मंथन संस्था - कोटडी द्वारा समृध्दि प्रोजेक्ट के अन्तर्गत ग्राम पंचायत गिंगोली में 1 मई मजदूर दिवस को पखवाड़े के रूप मे मनाया गया। जिसमें मजदूरों के हक और अधिकारों की जानकारी सरकारी योजनाओं की दी गई साथ ही सभी पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ मिले। जिसके विस्तृत चर्चा की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता घीसा लाल सरपंच गींगोली ने की विशिष्ट अतिथि कल्याणी संस्था के लाला राम , आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, वार्ड पंच नेमाराम मंगली देवी, तथा मंथन संस्था के पूसा राम, कमला देवी, आंचल, रिचू, निशा , जितेंद्र, नन्दलाल, संतोष श्यामपूरा , मधु उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम 3 मई को पीपलाद, 4 मई को श्यामपूरा , 5 मई को। खीदरपूरा , में भी आयोजित किये जा चुके है।

### नवजात शिशुओं को बेबी किट वितरित

**बिजयनगर, (निसं)।** महावीर इंटरनेशनल बिजयनगर विजय श्री वीरा केंद्र के तत्वावधान में राजकीय चिकित्सालय में सामाजिक सरोकारों से जुड़े सेवा कार्यों के तहत मंगलवार को नवजात शिशुओं के बेबी किट वितरित किए। आयोजित कार्यक्रम मेंविजय श्री वीरा केंद्र अध्यक्ष सुनीता सिंघवी मंत्री आशा चोरडीया उपाध्यक्ष पुष्पा बुरड़ कोषाध्यक्ष नेहा कासलीवाल मधु मुकुल सहसचिव दर्शना मेहता, तारा बोहरा, चंद्रकांता सांड, रेखा लुणावत, ललिता कोठारी , गीता जागेटिया, मंजू तातेड, शालिनी शर्मा , रत्नेश सांड , लाड कोठारी, मौजूद रही ।इस अवसर पर केंद्र की तपस्विनी सदस्य किरण सिसोदिया का अभिनंदन किया। वीरा सदस्यों ने जरूरतमंद बच्चों को एव राजकीय चिकित्सालय में गायनिक वार्ड में सेवा कार्य निरंतर करने का संकल्प लिया।

### रवीन्द्र नाथ टैगोर की जयन्ती मनाई

**नागौर, (निसं)।** श्री महर्षि जनार्दन गिरी पुष्टिकर माध्यमिक विद्यालय नागौर में रवीन्द्र नाथ टैगोर के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर जयन्ती मनाई गई। प्रधानाध्यापक महेंद्रसिंह चारण ने कहा कि गुरुदेव रविन्द्र नाथ टैगोर ने भारतीय साहित्य को नई पहचान दी, हमें महापुरुषों के व्यक्तित्व और कृतित्व से सीख लेनी चहिए तथा उनके दिखाए रास्तों पर चलना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ दिनेश मेहरा, सरिता पुरोहित, शकुन्तला सोनी, नितिन पुरोहित, खुशबू पुरोहित, पूनम सोलंकी, मोहम्मद आसिफ, पुरणेश तंवर, सायका परवीन, साहिबा व अभिभावक रामसिंह भाटी, उमरदान चारण आदि ने रविन्द्र नाथ टैगोर के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर नमन किया।

